**विषय: नागर विमानन मंत्रालय को राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023- 24 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (द्वितीय) प्राप्त करने के संबंध में**

इस वर्ष राजभाषा हिंदी में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए, नागर विमानन मंत्रालय को, 300 से कम कार्मिक वाले मंत्रालयों/ विभागों की श्रेणी में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023- 24 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (द्वितीय) के लिए नामित किया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय, संघ की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, मंत्रालय में राजभाषा का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। यह मंत्रालय अपने अनुभागों तथा इसके संबद्ध कार्यालयों/स्वायत्त निकायों में संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की समुचित निगरानी करता है। यह मंत्रालय, संसदीय और बजटीय मामलों के अलावा, मंत्रालय के विभिन्न अनुभागों से प्राप्त विविध सामग्री जैसे सामान्य आदेश, नियम, मानक प्रपत्र, अधिसूचनाएं, संकल्प, कैबिनेट नोट, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जारी किए जाने वाले अ.शा. पत्र, राजभाषा अधिनियम, प्रशासनिक और अन्य रिपोर्टें तथा प्रेस विज्ञप्तियों आदि का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने का अपना दायित्व निभा रहा है। वर्ष 2023-24 के दौरान मंत्रालय द्वारा राजभाषा हिंदी के दूरगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए गए और उपलब्धियां हासिल कीं।

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार नागर विमानन मंत्रालय के इन प्रयासों का परिणाम है।

****